वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 2021–22
21 से 22 मार्च 2022
प्रथम दिवस

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा चंदौली में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रारम्भ हुआ। जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस मौके पर छात्र/छात्राओं नें विभिन्न प्रकार के क्रीड़ा प्रतियोगिताओं–रस्सा–कस्सी, गोला फेक, म्यूजिकल चेयर, बॉलीवाल, कबड्डी और दौड़ (100 मी0, 200 मी0, 400 मी0) अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबको प्रभावित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 संत कुमार त्रिपाठी, पूर्व विभागाध्यक्ष–हिन्दी, सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के उत्साह अनुशासन एवं लगन ने सभी उपस्थित शिक्षकों का मन जीत लिया। कालेज के प्राचार्य प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि खेल–कूद मनुष्य के जीवन का प्रमुख अंग है, इससे हमारे नागरिकों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में मदद करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ वॉलीबाल के साथ शुरू हुआ। जिसके पश्चात् कबड्डी की प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्र/छात्राओं ने अपने प्रदर्शन से अन्य सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री श्याम लाल सिंह यादव ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण प्रो0 प्रमोद कुमार सिंह, प्रो0 दयानिधि यादव, डॉ0 उदय शंकर झा, प्रो0 इन्द्रदेव सिंह, प्रो0 शमीम राईन, डॉ0 अजय कुमार सिंह यादव, डॉ0 इंद्रजीत सिंह, डॉ0 दयाशंकर सिंह यादव, डॉ0 सीता मिश्रा, डॉ0 मीनू जायसवाल, सहित अन्य उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव ने किया तथा श्री धर्मेन्द्र यादव ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

द्वितीय दिवस–22.03.2022

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन दौड़, गोल प्रक्षेपण, रस्सा–कस्सी एवं म्यूजिकल चेयर की प्रतियोगिताए हुईं। इन सभी खेल–कूद में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। समारोह के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव रहे। मुख्य अतिथि डॉ0 संत कुमार त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी, सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज सकलडीहा चन्दौली रहे। "दो दिवसीय प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ विविध कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले व्यक्तिगत प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में कहॉ कि पढ़ाई–लिखाई के साथ खेल–कूद भी आवश्यक है एक अच्छा खिलाड़ी देश का नाम अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर ऊचा करता है। अंत में कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम संयोजक

for प्राचार्य

प्राचार्य
सकलडीहा पी0 जी0 कालेज
सकलडीहा, चन्दौली